# कार्यपत्र-20

**1. सही उत्तर के आगे ठीक ( ✓ ) का चिह्न लगाइए।**

(क) वाक्य के कितने अंग हैं? (i) दो ✓

(ख) वाक्य का वह भाग जिसमें कर्ता के विषय में कुछ कहा गया हो, वह कहलाता है– (i) उद्देश्य ✓

(ग) 'तुम अभी यहाँ से चले जाओ।' – अर्थ के आधार पर वाक्य-भेद है– (iii) आज्ञावाचक वाक्य ✓

(घ) अर्थ के आधार पर वाक्य के कितने भेद हैं? (ii) आठ ✓

(ङ) 'पिता जी ने कहा कि बाज़ार जाकर सब्ज़ी लाओ।' – रचना के आधार पर वाक्य-भेद बताइए।

(i) मिश्रित वाक्य ✓

**2. निम्नलिखित प्रश्नों के सही उत्तर लिखिए।**

(क) भावों एवं विचारों को प्रकट करने वाले सार्थक शब्द समूह के व्यवस्थित मेल को वाक्य कहते हैं। जैसे– किसान खेत में हल चला रहा है।

(ख) अर्थ के आधार पर वाक्य के आठ भेद हैं–

1. विधानवाचक 2. निषेधवाचक 3. प्रश्नवाचक 4. संकेतवाचक 5. इच्छावाचक 6. संदेहवाचक 7. आज्ञावाचक 8. विस्मयादिवाचक

(ग) संयुक्त वाक्य में दो या दो से अधिक उपवाक्य किसी योजक से जुड़े होते हैं; जैसे– बाज़ार जाओ और सब्ज़ी ले आओ।

मिश्रित वाक्य में एक से अधिक उपवाक्य होते हैं परंतु उनमें एक प्रधान उपवाक्य होता है तथा अन्य उपवाक्य गौण होते हैं। जैसे– माँ ने कहा कि वह खाना नहीं बनाएगी।

**3. निम्नलिखित वाक्यों के अर्थ के आधार पर वाक्य-भेद लिखिए।**

| | |
|---|---|
| (क) शाबास! ऐसे ही पढ़ाई करते रहो। | विस्मयादिवाचक वाक्य |
| (ख) वे खाना घर पर नहीं खाएँगे। | निषेधवाचक वाक्य |
| (ग) अगर तुम रुकोगे तो मैं भी तुम्हारे साथ चलूँगा। | संकेतवाचक वाक्य |
| (घ) संभवतः आज पुजारी जी आएँ। | संदेहवाचक वाक्य |
| (ङ) काश! मैं भी सिनेमा देखने जा पाता। | इच्छावाचक वाक्य |

**4. निम्नलिखित वाक्यों को निर्देशानुसार बदलिए।**

(क) सुबह हुई और चिड़ियाँ चहचहाने लगीं। (मिश्रित वाक्य में)

जैसे ही सुबह हुई, वैसे ही चिड़ियाँ चहचहाने लगीं।

(ख) मैं खाना खाकर सो गया। (संयुक्त वाक्य में)

मैंने खाना खाया और सो गया।

(ग) जैसे ही मैं स्कूल पहुँचा, वैसे ही वर्षा होने लगी। (सरल वाक्य में)

मेरे स्कूल पहुँचते ही वर्षा होने लगी।

(घ) कामचोर व्यक्ति कभी तरक्की नहीं कर सकते। (मिश्रित वाक्य में)
जो व्यक्ति कामचोर होते हैं, वे कभी तरक्की नहीं कर सकते।

(ङ) जैसे ही मैं स्टेशन पहुँचा, वैसे ही रेलगाड़ी आ गई। (संयुक्त वाक्य में)
मैं स्टेशन पहुँचा और रेलगाड़ी आ गई।

**5. निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध करके लिखिए।**

| | |
|---|---|
| (क) तुम तुम्हारा काम करो। | तुम अपना काम करो। |
| (ख) मेरा प्राण निकल गया। | मेरे प्राण निकल गए। |
| (ग) हम लोग रेलगाड़ी पर जाएँगे। | हम लोग रेलगाड़ी से जाएँगे। |
| (घ) मैं प्रात:काल के समय सैर करता हूँ। | मैं प्रात:काल सैर करता हूँ। |